पैकेजिंगकर्मी देश भर में आंदोलन करेंगे

जनसत्ता संवाददाता

नई दिल्ली, 20 फरवरी। केंद्र सरकार की उद्योग विरोधी फैसलों के विरोध में पैकेजिंग उद्योग संयुक्त कार्रवाई समिति देश भर में आंदोलन छेड़ेगा। संयुक्त कार्रवाई समिति के संयोजन हरीश मदान के मुताबिक इस मुश्किल भरे वक्त में पैकेजिंग उद्योग को चलाना असंभव हो गया है। उन्होंने कहा कि पैकेजिंग उद्योग का भविष्य पेपर उद्योग के निर्माताओं के गैर जिम्मेदाराना रवैए और इस मामले में उद्योग व वित्त मंत्रालय की चुप्पी को लेकर अंधकारमय हो गया है। समिति ने क्राफ्ट पेपर पर आयात शुल्क समाप्त करने के साथ साथ पैकेजिंग उद्योग पर एक्साइज ड्यूटी को कम करने की मांग की है। इसके साथ ही पेपर मिलों की गुटबाजी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

जनसत्ता
दिल्ली रविवार 21 फरवरी, 2010 रु. 3.50 (12+4 पेज) दिल्ली, कोलकाता, चंडीगढ़, लखनऊ और रायपुर